जन सम्पर्क कार्यालय,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

**(सं. 2016–17/14)**

दिनांक : 08.04.2016

## *अनन्या एक्सप्रेस के प्रारम्भिक/गंतव्य स्टेशन में परिवर्तन*

### *सियालदाह के स्थान पर कोलकाता–उदयपुर–कोलकाता के मध्य संचालित होगी*

### *18 अप्रैल से होगा यह परिवर्तन*

रेलवे प्रशासन द्वारा उदयपुर–सियालदाह–उदयपुर के मध्य संचालित अनन्या एक्सप्रेस को दिनांक 18.04.16 के बाद उदयपुर–कोलकाता–उदयपुर के मध्य संचालित की जायेगी।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी श्री तरूण जैन के अनुसार गाड़ी संख्या 12315/12316, उदयपुर–सियालदाह–उदयपुर अनन्या एक्सप्रेस दिनांक 18.04.16 के पश्चात् उदयपुर–कोलकाता–उदयपुर, अनन्या एक्सप्रेस के रूप में संचालित की जायेगी। इसके कोलकाता आगमन समय में भी आंशिक परिवर्तन किया गया है। यह परिवर्तन निम्नानुसार होगाः–

1. गाड़ी संख्या 12316, दिनांक 18.04.16 से उदयपुर से कोलकाता के मध्य संचालित होगी। यह रेलसेवा पूर्व निर्धारित समय दोपहर 03.10 (सियालदाह) के स्थान पर दोपहर 03.15 बजे कोलकाता पहुॅचेगी।

2. गाड़ी संख्या 12315, दिनांक 21.04.16 से कोलकाता–उदयपुर के मध्य संचालित होगी। यह रेलसेवा पूर्व समयानुसार दोपहर 01.10 बजे ही कोलकाता से रवाना होकर उदयपुर के लिए प्रस्थान करेगी

*नोटः– (1)इस रेलसेवा के संचालन समय एवं अन्य ठहराव पूर्ववत रहेगें।*

*(2) पूर्व में जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार यह परिवर्तन उदयपुर से रवाना होने वाली गाडी का दिनांक 25.04.16 से किया जाना था।*

**जन सम्पर्क अधिकारी**
**उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर**

**नोटः– उत्तर पश्चिम रेलवे का आप फेसबुक पेज www.facebook.com/northwesternrailway पर भी अवलोकन कर सकते है।**